भारत सरकार

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2362

13 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर योजना के अंतर्गत तिरुचिरापल्ली में लाभार्थी

2362. श्री दुरई वाइको:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर योजना के आरंभ से अब तक इसके अंतर्गत तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली और पुडुकोट्टई जिलों के लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने वाली अन्य योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत एक उप-योजना, कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) के लिए अवसंरचना सृजन योजना को कार्यान्वित कर रहा है।

ए.पी.सी. योजना के अंतर्गत, तिरुचिरापल्ली जिले में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है तथा इसकी शुरुआत से तमिलनाडु राज्य में अब तक पुदुकोट्टई जिले में एक (01) परियोजना स्वीकृत की गई है। तथापि, ए.पी.सी. योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है ।

(ख): पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए पीएमकेएसवाई की अन्य घटक योजना का ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 13 मार्च 2025 को उत्तर हेतु "कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर योजना के अंतर्गत तिरुचिरापल्ली के लाभार्थी" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2362 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

<u>एपीसी योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:</u>

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	**ज़िला**	**परियोजना का नाम**	**अनुमोदन का दिनांक**	**परियोजना लागत**	**स्वीकृत अनुदान**	**जारी अनुदान**	**स्थिति**
1.	कोयंबटूर	मेसर्स जेएफके इंटरनेशनल	01.08.2019	16.71	4.1921	2.8566	प्रचालनरत
2.	तिरुपूर	मेसर्स पी दुरैसामी महाराजा राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड	03.10.2019	25.06	8.1502	6.2284	जारी
3.	तिरुवन्ना मलाई	मैसर्स तिरुवन्नामलाई मार्केट कमेटी	29.04.2020	25.506	5.7487	1.8108	जारी
4.	सलेम	मेसर्स सलेम मार्केट कमेटी	29.04.2020	25.252	5.9753	1.8822	जारी
5.	थेनी	मेसर्स थेनी मार्केट कमेटी	29.04.2020	26.308	5.9955	1.8885	जारी
6.	कृष्णागिरी	मैसर्स धर्मपुरी बाजार समिति	29.04.2020	26.826	5.8937	1.8565	जारी
7.	मदुरै	मेसर्स मदुरै मार्केट कमेटी	29.04.2020	32.066	5.7912	1.8242	जारी
8.	डिंडीगुल	मेसर्स डिंडीगुल मार्केट कमेटी	29.04.2020	29.018	6.7357	2.1217	जारी
9.	कुड्डालोर	मेसर्स कुड्डालोर मार्केट कमेटी	29.04.2020	25.002	5.9793	1.8834	जारी
10.	**पुदुक्कोट्टई**	**मेसर्स डेल्टा फूड्स**	**08.06.2020**	**24.3125**	**7.472**	**5.2528**	प्रचालनरत
11।	इरोड	मेसर्स वामसी आरएस औद्योगिक क्षेत्र	17.11.2021	33.167	9.1351	0	जारी
12.	तिरुवल्लुर	मेसर्स इंटीग्रेटेड सर्विस पॉइंट प्राइवेट लिमिटेड	28.02.2024	42.635	10.00	0	जारी

अनुबंध-II

दिनांक 13 मार्च 2025 को उत्तर हेतु "कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर योजना के अंतर्गत तिरुचिरापल्ली के लाभार्थी" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2362 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

<u>पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने वाली पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं का विवरण :</u>

योजना का नाम	पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं की संख्या					
	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर (एपीसी) सृजन योजना	9	17	2	15	13	0
खाद्य प्रसंस्करण/परिरक्षण क्षमताओं का सृजन/विस्तार (सीईएफपीपीसी)	101	34	2	145	131	0
बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज (सीबीएफएल) का सृजन	1	8	0	0	0	0
एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना (आईसीसी एंड वीएआई)	12	55	1	34	37	0
खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (एफटीएल)	18	16	0	8	29	0
मेगा फूड पार्क (एमएफपी)	2	2	0	0	0	0
ऑपरेशन ग्रीन (ओजी)	3	1	0	32	6	0
अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी)	11	26	0	0	0	8

*****